# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड

**(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)**

**14–अशोक मार्ग शक्ति भवन, लखनऊ**

पत्र सं0–457–का0वि0नी0 एवं वे0प्र0–29/पा0का0लि0/13–14–का0वि0नी0/87(टी0सी0–आर) दिनांक 22 अगस्त, 2013

प्रबन्ध निदेशक,
पूर्वांचल/पश्चिमाँचल/मध्याँचल/दक्षिणाँचल/केस्को,
विद्युत वितरण निगम लि०,
समस्त मुख्य अभियन्ता (स्तर–1/2),
समस्त मुख्य महाप्रबन्धक/महाप्रबन्धक,
मुख्य अभियन्ता (जल विद्युत),
अध्यक्ष, विद्युत सेवा आयोग/जाँच समिति–1/2,
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0।

विषयः– **उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 की सेवाओं हेतु उ0प्र0 शासन की ''उ0प्र0 सरकारी सेवक पदोन्नति के लिए अर्हकारी सेवा में शिथिलीकरण विनियमावली–2013'' का अंगीकृत किया जाना।**

महोदय,

उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 की सेवाओं में **''उ0प्र0 सरकारी सेवक पदोन्नति के लिए अर्हकारी सेवा में शिथिलीकरण विनियमावली–2006''** को अंगीकृत किये जाने विषयक पावर कारपोरेशन के आदेश सं0 747–काविनी/पाकालि–29/2007–14 पीएफपी/87 दिनांक 04.10.2007 के अनुक्रम में मुझे यह अवगत कराने का निदेश है कि उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में उ0प्र0 शासन की **अधिसूचना सं0 13/2/97–का–2013 दिनांक 24.04.2013** द्वारा प्रख्यापित विनियमावली, **''उ0प्र0 सरकारी सेवक पदोन्नति के लिए अर्हकारी सेवा में शिथिलीकरण (प्रथम संशोधन) नियमावली–2013''** को कारपोरेशन के निदेशक मण्डल द्वारा अपनी 100वीं बैठक दिनांक 31.07.2013 की मद सं0 (33)/13 पर कारपोरेशन की सेवाओं में लागू करने हेतु अंगीकृत करने का निर्णय लिया है।

2. उपरोक्त के सन्दर्भ में यह भी निर्णय लिया गया है कि सम्बन्धित प्रकरणों के निस्तारण हेतु एक समुचित प्रस्ताव कारपोरेशन स्तर पर गठित निम्नांकित सदस्यों की एक समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा :–

| | | |
|---|---|---|
| (1) **प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0** | – | **अध्यक्ष** |
| (2) **निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशासन)** | – | **सदस्य** |
| (3) **अपर सचिव (प्रथम)** | – | **सदस्य** |

अतः उ0 प्र0 शासन की उपर्युक्त अधिसूचना की एक प्रति आपको इस आशय से संलग्न कर

(क्रमशः........2)

Kavita C.S. Bhandari Sir (Letter-02)-245

प्रेषित की जा रही है कि यथा–विनियमावली में निर्दिष्ट व्यवस्थाओं एवं प्राविधानों से आवरित प्रकरणों में उपरोक्त प्रस्तर–2 में इंगित समिति के माध्यम से तदनुसार अग्रतर यथावश्यक कार्यवाही कृपया सुनिश्चित की जाये।

***संलग्नक–यथोपरि।***

भवदीय

(जावेद अहमद) 22/8/13

संयुक्त सचिव (काविनी)

संख्याः 457 (I) का0वि0नी0 एवं वे0प्र0–29/पा0का0लि0/2013 तद्‌दिनांक।

*प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–*

1. प्रमुख सचिव (ऊर्जा), उ0प्र0 शासन, बापू भवन, लखनऊ।
2. अध्यक्ष, उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि०, लखनऊ के निजी सचिव।
3. प्रबन्ध निदेशक, उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि०, लखनऊ के निजी सचिव।
4. अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0/उ0प्र0 जल विद्युत निगम लि0।
5. अध्यक्ष/प्रबन्ध निदेशक, उ0 प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लखनऊ के प्रमुख निजी सचिव।
6. समस्त निदेशकगण, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन लखनऊ।
7. अपर सचिव–प्रथम/द्वितीय/तृतीय, उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि०, शक्ति भवन, लखनऊ।
8. अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 पा०का०लि, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
9. समस्त संयुक्त सचिव, उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि०, शक्ति भवन, लखनऊ।
10. उप महाप्रबन्धक (लेखा प्रशासन), उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि०, शक्ति भवन, लखनऊ।
11. कम्पनी सचिव, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 को निदेशक मण्डल की दिनांक 31.07.2013 को आयोजित बैठक की मद सं0 सौ(33)/13 पर लिये गये निर्णय के अनुपालन के सन्दर्भ में।
12. अधिशासी अभियन्ता (वेब), कक्ष सं0–407, शक्ति भवन, लखनऊ को उ०प्र० पावर कारपोरेशन लि० की वेबसाईट, **www.uppcl.org** पर अपलोड करने हेतु।

***संलग्नक–यथोपरि।***

आज्ञा से

**(सुनीत कुमार खरे)**

अनु सचिव (काविनी)

